DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------------- अमर उजाला amarujala.com

नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 16 मार्च 2023

हर घर में पानी की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक की

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हर घर को साफ और भरपूर पानी उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को कैंप कार्यालय पर जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, वन मंत्री गोपाल राय, मुख्य सचिव और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पानी की उपलब्धता बढ़ाने व पानी का संपूर्ण इस्तेमाल करने पर विशेष बल दिया। साथ ही, इस दिशा में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड के कामों को निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के पास मौजूद पानी के संपूर्ण इस्तेमाल और उसकी बर्बादी रोकने के लिए समयबद्ध काम किया जाए। सभी ट्यूबवेल चालू हों, नए ट्यूबवेल लगाने का कार्य तेजी से किया जाए और खराब ट्यूबवेल 24 घंटे के अंदर ठीक किए जाएं। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नए एसटीपी का काम जल्द पूरा किया जाए। वहीं, उन्होंने हरियाणा से आने वाले पानी में उपलब्ध अमोनिया को साफ करने का एक सप्ताह में प्लान मांगा है। इसके अलावा उन्होंने मुख्य सचिव को जमीन संबंधित समस्या के निपटारे के लिए डीडीए के साथ सामंजस्य स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन मिलने के छह महीने के अंदर ट्यूबवेल लगा दिए जाएं और जितने भी ट्यूबवेल लग गए हैं, वहां यूजीआर पर पानी की बर्बादी रोकने के लिए वाटर फ्लो मीटर लगाने का काम जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी ट्यूबवेल चालू हालत में होने चाहिए और उससे जितना पानी मिल रहा है, उसकी आपूर्ति की जाए। कोई खराब ट्यूबवेल चार दिनों तक ठीक नहीं होने की स्थिति में संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

वजीराबाद में बनेगा अमोनिया रिमूवल प्लांट

मुख्यमंत्री ने कहा कि वजीराबाद में अमोनिया रिमूवल प्लांट लगाया जाएगा। इसका एक सप्ताह के अंदर पूरा प्लान बनाकर प्रस्तुत किया जाए। यहां से वीआईपी एरिया में पानी की आपूर्ति की जाती है। इसे प्राथमिकता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा से आने वाले पानी में अगर अमोनिया है तो उसे साफ किया जाए। अमोनिया की वजह से पानी की आपूर्ति रुकनी नहीं चाहिए। वहीं, उन्होंने कोंडली एसटीपी को अपग्रेड करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोंडली एसटीपी से संजय लेक और पार्कों में भी पानी दिया जाए। अगले तीन महीने में जब रिठाला एसटीपी भी तैयार हो जाएगा, तब वहां से भी इरादतनगर और डीडीए की डेड लेक तक पानी लेकर जा सकते हैं। इसके अलावा भलस्वा समेत अन्य लेक में भी पानी पहुंचाया जाए और वाटर बॉडी को रिचार्ज किया जाए।

मुख्यमंत्री ने दिसंबर तक चंद्रावल संयंत्र तैयार करने के आदेश दिए

अमर उजाला ब्यूरो

निर्माणाधीन चंद्रावल प्लांट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को चंद्रावल में निर्माणाधीन 105 एमजीडी जल शोधक संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान प्रगति निर्धारित समय सीमा के अनुसार नहीं होने पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूरा करने के लिए एजेंसी से 24 घंटे में विस्तृत योजना सौंपने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शुरू होने से दिल्ली के 22 लाख लोगों को घर में साफ पानी मिलने लगेगा। चंद्रावल संयंत्र को पूरी तरह से अपग्रेड कर नया बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद इसकी क्षमता 105 एमजीडी की हो जाएगी। अभी करीब 90 एमजीडी क्षमता है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे साइट पर तुरंत कर्मचारी व मशीनरी बढ़ाएं और किसी भी तरह की ढिलाई की गुंजाइश न छोड़ें। वे खुद एक इंजीनियर है और समझते है कि प्रोजेक्ट स्थल पर कैसे कार्य किया जाता है। वे ठेकेदार की ओर से किसी भी प्रकार की कमियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने मौजूदा व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए संयंत्र में अमोनिया ट्रीटमेंट के प्रावधान शामिल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी प्रणाली स्थापित करने के लिए विशेषज्ञों के साथ समन्वय बनाकर काम करने के लिए कहा जो पानी में मौजूद अमोनिया को ट्रीट कर सके।

यमुना डूब क्षेत्र की झुग्गियों को तीन दिन में खाली करें, नहीं तो होंगी ध्वस्त : हाईकोर्ट

झुग्गी नहीं खाली करने वालों को देना होगा 50 हजार रुपये

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना डूब क्षेत्र में रहने वालों को तीन दिन के भीतर अपनी झुग्गियां खाली करने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर प्रत्येक झुग्गीवाले को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूबिस) को 50,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। साथ ही दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को झुग्गियों को गिराने की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति भी दे दी।

अदालत को बताया गया कि उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली एक समिति ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 9 जनवरी के निर्देशों के मद्देनजर यमुना को साफ करने के निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने बेला एस्टेट, राजघाट में यमुना डूब क्षेत्र में स्थित मूलचंद बस्ती के निवासियों की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फ़ैसला सुनाया। साथ ही पुलिस को डीडीए को पूरी मदद देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने झुग्गीवासियों के वकील से कहा, आप यमुना नदी पर कब्जा कर रहे हैं? क्या आप जानते हैं कि इससे कितना नुकसान हो रहा है? ब्यूरो

>> एक लाख से अधिक होंगे प्रभावित : पेज 11

कोई ढिलाई नहीं बरती जाए

अदालत ने डूसिब को एक हलफनामे में कहा कि निवासी पुनर्वास के हकदार नहीं थे, क्योंकि उनकी बस्ती अधिसूचित सूची में नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं या उनके परिवारों के साथ कोई ढिलाई नहीं दिखाई जाएगी। अदालत ने निवासियों की तरफ से दायर अवमानना याचिका को खारिज करते हुए जज ने कहा कि अफसरों को धमकाने के लिए अवमानना कार्यवाही का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

हाईकोर्ट के आदेश से एक लाख से अधिक लोग होंगे प्रभावित

नई दिल्ली। हाईकोर्ट के यमुना नदी के बाढ़ वाले क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के आदेश के बाद करीब 25 हजार झुग्गियों पर टूटने की तलवार लटक गई है। इन झुग्गियों में एक लाख से अधिक लोग रहते है। तिमारपुर से ओखला के बीच यमुना के दोनों किनारों पर बसी झुग्गियों को हटाना पुलिस प्रशासन और डीडीए को खासी मशक्कत भी करनी पड़ेगी।

करीब 50 झुग्गी बस्तियां हैं यमुना डूब क्षेत्र में

राजधानी में यमुना नदी के दोनों ओर वर्षों से झुग्गी बस्तियां बसी हैं। हालांकि, एक दशक पहले तक कई बार झुग्गियां हटाई गईं मगर अब भी यमुना नदी के क्षेत्र में झुग्गी बस्ती है। इस क्षेत्र में करीब 50 झुग्गी बस्ती बसी हुई है, इन बस्तियों में दो सौ से लेकर छह सौ तक झुग्गियां बनी हुई है और उनमें करीब 25 हजार झुग्गियां बनी है।

सियासी पारा चढ़ने के आसार : हाई कोर्ट के आदेश के तहत यमुना नदी के किनारे से झुग्गी हटाने की कार्रवाई आरंभ होने पर राजधानी में राजनीतिक पारा चढ़ सकता है। क्योंकि डीडीए के साथ-साथ दिल्ली की आप सरकार के अधीन शहरी विकास आश्रय सुधार बोर्ड ने भी झुग्गी हटाने का कार्य करना है। दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोगों के बेघर होने पर सरकार के समक्ष उनके पुनर्वास करने की चुनौती होगी। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAP 16 मार्च • 2023 राष्ट्रीय सहारा -DATED- अमर उजाला

दिल्लीवालों को मिलेगा पर्याप्त शुद्ध पेयजल : केजरीवाल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों को भरोसा दिलाया है कि गर्मी के मौसम में सभी को पर्याप्त पीने का पानी मिलेगा। इसके लिए डिटेल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और वह (मुख्यमंत्री) खुद निगरानी कर रहे हैं। बुधवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पेयजल की बर्बादी रोककर उपलब्धता बढ़ाने एवं किल्लत दूर करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि सभी ट्यूबवेल चालू शुरू किए जाएं और नए ट्यूबवेल का काम भी तेज किया जाए। बैठक में मौजूद मुख्य सचिव को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ बेहतर सामंजस्य बनाने को कहा। हरियाणा से आने वाले पानी को अमोनिया से किस तरह ट्रीट किया जाए, इसके लिए सप्ताहर में प्लान तैयार करने को कहा है। बैठक में मुख्यमंत्री ने लेक को रिचार्ज कर पेयजल की निकासी पर जोर दिया। बैठक के बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि छह महीने के भीतर यमुना के पानी को ट्रीट करने के लिए एसटीपी काम करने

डिटेल प्रोजेक्ट पर काम कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

पेयजल की बर्बादी रोककर उपलब्धता बढ़ाएं अधिकारी

डीडीए के साथ सामंजस्य बनाएं मुख्य सचिव

छह माह में यमुना के पानी को ट्रीट करने के लिए शुरू होगा एसटीपी : भारद्वाज

लगेगा। बैठक में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय, मुख्य सचिव, डूसिब के सीईओ एवं विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने अगली समीक्षा बैठक 25 मार्च को बुलाई है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यूजीआर पर वाटर फ्लो मीटर लगाने का काम जल्द पूरा करने के कहा। जिससे यह पता चल सके। आरओ और फ्लो मीटर लगने से कौन सा ट्यूबवेल चल रहा है और कौन सा बंद है। मुख्यमंत्री ने डीडीए के साथ मुख्य सचिव को सामंजस्य बनाने के साथ ही सौरभ भारद्वाज को अन्य विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लेक में पानी ले जाकर डालते हैं, जिससे ग्राउंड वाटर रिचार्ज होता है। लेक बनने के कितने दिनों बाद तक उसमें पानी डालेंगे और कितना पानी निकालेंगे। इस पर एक एसओपी तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने लेक के साथ आरओ प्लांट लगाने का काम 30 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। सरकार वजीराबाद में अमोनिया रिमूवल प्लांट लगाने जा रही है। सप्ताह भर में पूरा प्लान प्रस्तुत करने को कहा है। केजरीवाल ने एक सप्ताह के भीतर वाटर बॉडीज का दोबारा सर्वे करने के निर्देश दिए। डीडीए के इलाके में करीब 250 वाटर बॉडीज हैं। मुख्यमंत्री ने कोंडली एसटीपी को अपग्रेड करने को कहा है। इस पानी का इस्तेमाल पार्कों की सिंचाई में किया जाएगा। दिल्ली में अभी 1200 वाटर टैंकर है। यह संख्या भी बढ़ाने को कहा।

सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के आवंटियों को मिलेंगे तीन विकल्प

नई दिल्ली। मुखर्जी नगर में जर्जर हो चुके अपार्टमेंट में रहने वालों को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की तरफ से जल्द राहत मिलेगी। इसके तहत उन्हें तीन विकल्प दिए जा रहे हैं।

मुखर्जी नगर में जर्जर हो चुके अपार्टमेंट का मामला

पुनर्वास के लिहाज से तमाम पहलुओं को देखने के बाद तीनों विकल्प रखे गए हैं। इसके तहत आवंटियों को दूसरी योजना के तहत फ्लैट, किराये पर फ्लैट सहित बायबैक का भी विकल्प दिया जा रहा है। मुखर्जी नगर में आवंटित फ्लैटों की बदहाली और जर्जर हालत को देखते हुए आवंटियों ने इसकी शिकायत एलजी से की थी। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार मामले की जांच के आदेश दिए थे। तीनों विकल्प के तहत बायबैक, किराये पर फ्लैट के साथ साथ डीडीए के खाली फ्लैटों में शिफ्ट होने का भी प्रावधान रखा जा रहा है। अपार्टमेंट का निर्माण करीब 12-13 साल पहले किया गया था। अपार्टमेंट में 336 एचआईजी और एमआईजी के फ्लैट्स हैं।

निर्माण के बाद अपार्टमेंट के फ्लैटों में दरारें आने और क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें होने लगी थीं। सभी आवंटियों के पुनर्वास का काम पूरा होने तक इसे नए सिरे से विकसित किया जा रहा है। ब्यूरो

साबरमती की तर्ज पर विकसित होगा मिलेनियम पार्क

नई दिल्ली (एसएनबी)। यमुना नदी के मुहानों को ईको फ्रेंडली बनाने के लिए आजकल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के साथ मिलकर युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। डीडीए की योजना है कि यमुना के किनारे बने मिलेनियम डिपो को गुजरात की साबरमती नदी के किनारों की तर्ज पर विकसित किया जाए। यमुना नदी के दोनों तरफ चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष के सुभाषीष पांडा के साथ आईटीओ के पास बने 'असिता ईस्ट' पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उप-राज्यपाल ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पार्क पर्यावरण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

यमुना किनारे बने असिता ईस्ट पार्क पहुंचे उप-राज्यपाल

एलजी ने कहा कि मिलेनियम डिपो को आने वाले समय में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे गुजरात की तर्ज पर विकसित करने की योजना है, जिससे लोग यहां आकर प्रकृति का नजारा ले सकें। 'असिता ईस्ट' को जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर जल्द से जल्द बेहतर बनाने की कवायद चल रही है। उन्होंने कहा कि असिता पार्क दिल्ली के पर्यावरण और हरियाली की लाइफ लाइन बनेगा। उन्होंने लोगों से भी पर्यावरण के लिए काम करने की अपील की। इस पार्क का नाम असिता रखने के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि यमुना नदी का एक नाम असिता भी है।

डीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि असिता ईस्ट पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए प्राकृतिक उपहार है। उन्होंने नरेला समेत अन्य स्थान पर डीडीए की लंबित परियोजनाओं का जिक्र किया। डीडीए के अधिकारियों का दावा है कि विदेशी मेहमानों को भी काफी पसंद आएगा। इसमें पॉपी, नीलकूपी, एलाइमस, कासमास सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे और फूल खिले दिखे। लाल, पीले, सफेद, गुलाबी रंग के फूलों की सुगंध सभी को लुभा रही थी।

उन्होंने बताया कि जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। यह प्वाइंट मेहमानों को भी पसंद आएंगे। यह मेहमानों का ध्यान खींचेगा। यहां चार हजार से अधिक पेड़ लगाए जा रहे हैं। इसमें 800 गोल्डन बांस और तीन खजूर के पेड़ भी शामिल हैं। आईटीओ वैराज के पास पुराने रेलवे पुल से सटी 197 हेक्टेयर भूमि को विकसित करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE
DATED

the pioneer
NEW DELHI | THURSDAY | MARCH 16, 2023

CM assures uninterrupted water supply in Delhi during summer

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

As the city stares at water crisis in the peak summer months, Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal on Wednesday assured uninterrupted water supply during the summer after a high-level meeting with Water Minister Saurabh Bhardwaj, Forest Minister Gopal Rai, and other stakeholders. During the meeting, a detailed presentation was made by Delhi Jal Board (DJB) and its preparations to ensure ample water supply during summer.

During the meeting, the CM instructed officials to recharge ground water, increase water availability through tube wells, bring uniformity in the quality of water extracted from lakes, and treat the ammonia present in water coming from Haryana.

The CM emphasized the importance of timely utilisation of available water and preventing its wastage. The CM further directed that all tube wells be made operational and that faulty ones be repaired within 24 hours. Additionally, he called for expeditious construction of new tube wells and sewage treatment plants (STP) to increase water availability. Officials were also directed to submit a plan within a week to treat the ammonia present in water that comes from Haryana to Delhi. The Chief Secretary has also been directed to coordinate with the DDA to settle any land related issues in this project.

Yamuna riverfront to be developed on lines of Sabarmati in 5 years: LG

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor VK Saxena on Wednesday said the Yamuna riverfront at Millennium Depot will be developed on the lines of the Sabarmati Riverfront in Ahmedabad within a span of four to five years.

"There are plans to develop a riverfront in Delhi. But it will take time, say another four to five years. We have identified a site near Millennium Depot which will be developed as per norms," Saxena said.

Talking about the project, he said the Delhi Development Authority (DDA) will draw up plans and maps for the riverfront development. The plan is at an initial stage at the moment.

"The length of the stretch will be finalised once the plans are drawn. The DDA, being the land owning agency, will take up the project," he added.

An official, requesting anonymity, said that they have started drawing a concept plan and landscape plan on the riverfront project.

"It will be a massive project and is currently at a nascent stage. We have got the Millennium Depot land and have started drawing up the plan. Development like this takes time and a lot of analysis," he said.

Explaining the roadmap for the project, he said that scientific consultations will be held to ascertain the kind of grass and plants that can be planted there.

THE HINDU
City

Clear floodplains in three days, HC tells slum dwellers

Mehul Malpani
NEW DELHI

The Delhi High Court on Wednesday directed slum dwellers on the Yamuna floodplains here to vacate their jhuggis within three days, failing which they will have to pay ₹50,000 each to the Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) and the Delhi Development Authority (DDA) shall proceed with the demolition.

The court passed the order after being informed that a committee, headed by Lieutenant-Governor V.K. Saxena, has issued directions to clean the Yamuna in view of the January 9 directions of the National Green Tribunal (NGT) which took note of the pollution level.

Advocate Prabhsahay Kaur, appearing for the DDA, submitted that the residents had returned to the same place twice after the encroachments were removed.

Developing riverfront

Meanwhile, the Yamuna riverfront will be developed by the DDA at Millennium Depot, a bus depot near Nizamuddin, the L-G said on Wednesday.

Speaking at Asita East, an ecological site and a spot for bird watching developed by the DDA on the Yamuna floodplains, Mr. Saxena said that the riverfront will be made on the lines of Ahmedabad's Sabarmati riverfront and that the planning is currently in the initial stage.

We plan to turn Asita East, which will host G-20 events, into a prominent tourist destination: L-G

"The DDA is currently drawing up plans. When the plans are ready, we will be able to set a target for the project. But it is expected to take over four-five years," the L-G said.

Talking about Asita East, the L-G said that more G-20 events will be hosted here. A G-20 event and a fashion show is scheduled at another nature site at Baansera Yamuna floodplains this month, he said.

He added that plans are being discussed to allow various events at the ecological site.

"But we will have to avoid loud music events so that we don't disturb the birds that come here," he said.

As per the DDA, at least 63 species of birds have been spotted at Asita East.

"We plan to turn it into a prominent destination for the residents and tourists," he said, adding that some food kiosks will also be permitted.

Mr. Saxena said entry will be ticketed to handle the crowd and for maintenance of the area.

(With PTI inputs)

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | THURSDAY | MARCH 16, 2023

DATED

Vacate Yamuna floodplains within 3 days or pay ₹50K, face razing: HC to jhuggis

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

The Delhi High Court on Wednesday directed slum dwellers on the Yamuna floodplains here to vacate their jhuggis within three days failing which they will have to pay ₹50,000 each to the DUSIB and the Delhi Development Authority (DDA) shall proceed with the demolition.

The court passed the order after being informed that a committee headed by the Lieutenant Governor has issued directions to clean the Yamuna in view of the January 9 directions of the National Green Tribunal (NGT) which took note of the pollution level.

"Strict action may be permitted to be taken by police...the Deputy Commissioner of Police (DCP) concerned of the area will render all support during the said action," the court said dismissing a plea by the residents.

The Delhi Development Authority (DDA), which has been tasked with the demolition of jhuggis, told Justice Prathiba M Singh that the NGT had revived the matter pertaining to pollution of the Yamuna, pursuant to which a high-level committee on January 27 passed directions to take immediate steps to control pollution of the river and remove encroachments there.

Advocate Prabhsahay Kaur, appearing for the DDA, submitted that the residents had come back to the same place twice after the removal of encroachments. Taking note of the submission of the counsel for DDA, the judge asked the counsel representing the residents, "You are occupying river Yamuna. Do you know how much damage is being caused to it?"

The court was hearing a plea by residents of Moolchand Basti located on the Yamuna floodplains at Bela Estate, Rajghat, claiming the DDA and Delhi Police officials visited them in August 2022 and threatened them to vacate their jhuggis which will otherwise be demolished.

Continued on Page 2

Vacate Yamuna floodplains within 3 days or pay ₹50K, face razing: HC to jhuggis

From Page 1

The DDA's counsel told the court the residents had also filed a contempt petition but no contempt case had been made out against the authorities.

She submitted that the Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) said in an affidavit that the residents were not entitled to rehabilitation as their "basti" did not figure in its notified list.

The court directed the DDA to proceed with the demolition after three days and said that no further indulgence will be shown to the petitioners or their families. It also disposed of the contempt plea observing that no contempt was made out and said "You cannot use contempt proceedings to threaten officials".

The court said the residents had concealed certain material facts, as recorded in its order of August 17, 2022, regarding earlier litigations challenging eviction by their fathers and grandfathers which had attained finality till the Supreme Court. When the matter was listed on January 13, the court stayed the proposed demolition considering the harsh winter.

अमर उजाला

दिल्ली की जीवनरेखा के तौर पर विकसित होगा असिता पूर्व

उपराज्यपाल ने डीडीए उपाध्यक्ष संग किया निरीक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

चिड़ियों की चहचहाट के बीच लोग कर सकेंगे सैर

नई दिल्ली। पर्यावरण के लिहाज से दिल्ली की जीवनरेखा के तौर पर असिता पूर्व को विकसित किया जा रहा है। बुधवार को एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष के साथ आईटीओ के नजदीक विकसित असिता पूर्व का निरीक्षण किया। पर्यावरण के लिहाज से प्राकृतिक खूबसूरती के बीच चिड़ियों की चहचहाट के बीच लोग सैर का अलग अहसास होगा। चिड़ियों का बसेरा होने की वजह से यहां चुनिंदा गतिविधियों की ही इजाजत होगी। आगंतुकों को यहां प्रवेश करने के लिए टिकट खरीदना होगा।

जी-20 के लिहाज से असिता पूर्व को तैयार किया गया है। करीब 1.2 वर्ग किलोमीटर के दायरे में विकसित हरित क्षेत्र, यमुना के साथ वाटर बॉडी के साथ यहां पहुंचने वालों के लिए फूड कियॉस्क भी लगाए जाएंगे। कार्यों की प्रगति और निगरानी के लिए मंगलवार को उच्च स्तरीय समिति के साथ एलजी ने बैठक की थी। असिता यमुना का दूसरा नाम है। उन्होंने पार्क में हो रही तैयारियों की सराहना की और कहा कि यह तैयारी विदेशी मेहमानों पर भारत की छाप छोड़ेगी। इस मौके पर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाषीश पांडा ने बताया कि यह क्षेत्र दिल्लीवासियों के लिए प्रकृति का उपहार है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | THURSDAY, 16 MARCH, 2023 ----DATED----

'DELHI TO GET UNINTERRUPTED WATER SUPPLY DURING SUMMER'

Present Chandrawal WTP plan in 24 hours, CM tells water dept officials

ARGHYA BHASKAR

NEW DELHI: Chief Minister Arvind Kejriwal on Wednesday visited the Chandrawal water treatment plant (WTP) that is currently being upgraded and instructed the officials to rework the schedules within 24 hours and submit a plan to complete the unit by December 2023.

During the review, the CM found out that the progress of the project was not in line with the stipulated time frame and expressed strong displeasure over this. Water minister Saurabh Bhardawaj, DJB Vice Chairman Somnath Bharti and senior officials of Delhi Jal Board were also present on the occasion along with the CM.

The CM instructed the concerned officials to immediately scale up manpower and machinery on the site and leave no scope for any laxity. "I am an engineer myself. I understand how project sites function. We will not tolerate any sort of shortcomings from the contractor's end. There is no room for any delays at this stage," the CM said.

The CM also directed the officials to include provisions for treatment of ammonia at the plant, expressing his dissatisfaction with the present system. He tasked the officials to coordinate with the government's experts to establish a system that can meet with the expected standards.

As per officials, the Delhi government is working to provide adequate water to every household in Delhi. Many projects are going on in Delhi to increase the availability of water and to provide clean water to every household.

The Chief Minister is personally monitoring these projects and reviewing their progress from time to time. In this perspective, many water treatment plants are also being upgraded so that their capacity to treat water can be increased. As per the government statement, the Chandrawal treatment plant is also being upgraded under the plan. After the completion of the project, the capacity of this water treatment plant will be 105 MGD.

'Make all tube-wells operational & repair faulty ones within 24 hours'

ARGHYA BHASKAR

NEW DELHI: Chief Minister Arvind Kejriwal chaired a high-level meeting on Wednesday along with Water minister Saurabh Bharadwaj, Forest minister Gopal Rai, and high-ranking officials of the government to ensure ample water supply for all households in the national Capital.

During the meeting, the CM instructed officials to recharge ground water, increase water availability through tube wells, bring uniformity in the quality of water extracted from lakes, and treat the ammonia present in water coming from Haryana.

The CM emphasised the importance of timely utilisation of available water and preventing its wastage. The CM further directed that all tube wells be made operational and that faulty ones be repaired within 24 hours. Additionally, he called for expeditious construction of new tube wells and sewage treatment plants (STP) to increase water availability.

Officials were also directed to submit a plan within a week to treat the ammonia present in water that comes from Haryana to Delhi. The Chief Secretary has also been directed to coordinate with the DDA to settle any land related issues in this project.

During the review meeting, Kejriwal underlined the importance of increasing the availability of drinking water in the state.

He observed that more water is wasted due to supply chain disruptions than the lack of water itself and pointed out the importance of fixing the supply chain to minimise water wastage. The CM instructed the department to ensure that tube wells are installed within six months of obtaining land. The CM stressed that all tube wells should be in working condition and that all available water should be supplied to the consumers. The CM also emphasised that every tube well should be monitored to ensure that it is running smoothly. He directed the officials to deploy an agency tasked with maintaining tube wells for five years and repairing any breakdowns within 24 hours. The CM made it clear that no tube well should be unutilised and instructed officials to hold engineers accountable if a tube well remains faulty for more than four days. The water extracted from tube wells will be transported to the UGRs from where it would be supplied further.

Furthermore, he directed officials to complete the installation of water flow meters on underground reservoirs to curb wastage of water. Flow meters will also be installed on all the tappings to accurately measure the amount of water being used as per plan. The installation of RO systems and flow meters would also help identify which tube wells are functional and which ones are not.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
THURSDAY, 16 MARCH, 2023 | NEW DELHI ------DATED------

Yamuna riverfront at Millennium Depot will be developed on lines of Sabarmati Riverfront: L-G

OUR CORRESPONDENT

NEW DELHI: Delhi Lieutenant Governor V K Saxena on Wednesday said the Yamuna riverfront at Millennium Depot here will be developed on the lines of the Sabarmati Riverfront in Ahmedabad within a span of four to five years.

"There are plans to develop a riverfront in Delhi. But it will take time, say another four to five years. We have identified a site near Millennium Depot which will be developed as per norms," Saxena said.

Talking about the project, he said the Delhi Development Authority (DDA) will draw up plans and maps for the riverfront development. The plan is at an initial stage at the moment.

"The length of the stretch will be finalised once the plans are drawn. The DDA, being the land owning agency, will take up the project," he added.

PIC/NAVEEN SHARMA

An official, requesting anonymity, said that they have started drawing a concept plan and landscape plan on the riverfront project.

"It will be a massive project and is currently at a nascent stage. We have got the Millennium Depot land and have started drawing up the plan. Development like this takes time and a lot of analysis," he said.

Explaining the roadmap for the project, he said that scientific consultations will be held to ascertain the kind of grass and plants that can be planted there.

"There are NGT orders too that there cannot be a constructed riverfront in Delhi. So we will have to hold scientific consultations with experts on how to redevelop the area ecologically. There is a bund near the Millennium Depot, so that is a hurdle. We will have to work around it and see if we can remove that barrier. The river swells in monsoons so we have to address that issue as well," he said.

Vacate Yamuna floodplains in three days: HC

NEW DELHI: The Delhi High Court Wednesday directed slum dwellers on the Yamuna floodplains here to vacate their jhuggis within three days failing which they will have to pay Rs 50,000 each to the DUSIB and the DDA shall proceed with the demolition. The court passed the order after being informed that a committee headed by the lieutenant governor has issued directions to clean river Yamuna in view of the January 9 directions of the National Green Tribunal (NGT) which took note of the pollution level.

"Strict action may be permitted to be taken by police the DCP concerned of the area will render all support during the said action," the court said dismissing a plea by the residents.

The DDA, which has been tasked with the demolition of jhuggis, told Justice Prathiba M Singh that the NGT had revived the matter pertaining to pollution of the Yamuna, pursuant to which a high-level committee on January 27 passed directions to take immediate steps to control pollution of the river and remove encroachments there. MPOST

LOUD MUSIC WILL NOT BE ALLOWED: L-G

Guidelines being framed to allow events at Asita East and Baansera

OUR CORRESPONDENT

NEW DELHI: To draw visitors to the Asita East and the Baansera ecological sites in the Yamuna riverfront area, Delhi Lt Governor V K Saxena on Wednesday said guidelines are being framed to allow events and programmes there.

However, while framing the guidelines, it has to be "kept in mind that there are no loud musical programmes" at the nature sites, Saxena said.

There is also a proposal to hold some G20 events at these redeveloped floodplains, said the Lt Governor (L-G), who, earlier this month, hosted diplomats from G20 nations and other countries at Asita East. Later this month, another G20 event — a fashion show — has been planned at Baansera.

Saxena said that ticketed entry will be implemented for entry to the two sites. Currently, "visitors can walk in and see the beautiful view but we are planning to have ticketed entries so that people respect the space", he told reporters at an interaction at Asita East . On the guidelines for events, Saxena said, "The DDA (Delhi Development Authority) will be framing guidelines to allow programmes but it has to be kept in mind that there are no loud musical programmes otherwise the birds will leave this place." More than 63 bird species have been spotted at Asita East, according to officials, who added that Rs 50 has been proposed as ticket price for entry to the ecological sites. "People have started coming to Asita East for morning walks and evening walks and it can be a good recreational spot for people of East Delhi, which has the least green cover in the city," an official said.

> **Later this month, another G20 event — a fashion show — has been planned at Baansera**

"Till now, people only had two options — Sanjay Lake and Smriti Van — but this can now be a good option for them. At the moment, the entry is free but we want to ensure that its beauty remains and a ticket system will help," the official said and added that a restaurant will be set up at Asita East. There are security points to thwart untoward incidents and tickets will ensure that "nuisance makers do not gain access", the official said and added that Asita East is a great spot for birdwatchers.

The Asita East project is spread over 197 hectares of land, out of which 90 hectares is with the DDA and the remaining falls under the jurisdiction of Uttar Pradesh's irrigation department. The DDA has developed 90 acres and in accordance with court directions will also be developing the remaining portion under Uttar Pradesh's jurisdiction. The project aims at "restoring ecological character of the flood plains and provide breathable public green space".

Baansera is Delhi's first bamboo theme park aiming at enhancing the ecological character of Yamuna floodplains.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी ▶ 16 मार्च, 2023 ▶ गुरुवार

---DATED---

दिल्ली के हर घर को मिलेगा भरपूर पानीः केजरीवाल

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली में हर घर को साफ और भरपूर पानी उपलब्ध कराने के काम पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। पूरे प्लान की डिटेल मॉनिटरिंग सीएम अरविंद केजरीवाल खुद कर रहे हैं। उनकी नजर गर्मियों के दिनों में दिल्ली में पानी की उपलब्धता में कोई कमी न आने देने पर भी है। इसी के तहत सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कैंप कार्यालय पर जल मंत्री सौरभ भारद्वाज, वन मंत्री गोपाल राय, मुख्य सचिव, डीसीब के सीईओ और संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

जिसमें उन्होंने दिल्ली में पानी की उपलब्धता बढ़ाने, उपलब्ध पानी का संपूर्ण इस्तेमाल करने पर विशेष बल दिया। साथ ही, इस दिशा में चल रहे दिल्ली जल बोर्ड के कामों को निर्धारित समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से आने वाले पानी में उपलब्ध अमोनिया को ट्रीट करने का एक सप्ताह में प्लान मांगा है। साथ ही, मुख्य सचिव को जमीन संबंधित समस्या के निपटारे के लिए डीडीए के साथ सामंजस्य स्थापित करने का निर्देश दिया

है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के साथ अगली बैठक 25 मार्च को की जाएगी। जिसमें अब तक हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाएगी।

इलाकों का जलस्तर चिन्हित कर निकाला जाएगा ग्राउंड वाटरः भारद्वाज

जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस समय यमुना में हरियाणा से जो पानी आ रहा है,

उसमें से ज्यादातर हिस्सा इंडस्ट्रियल वेस्ट का है। यमुना में बिना ट्रीट किया हुआ पानी सीधे छोड़ा जा रहा है। इस पानी में अमोनिया की मात्रा इतनी ज्यादा है कि इसे दिल्ली के ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री ने बैठक में कुछ ऐसे कदम उठाने को कहा कि इतनी मात्रा में आने वाले अमोनियो को भी ट्रीट करने के इंतजाम किए जा सकें। इस दिशा में जल्द से जल्द काम किया जाएगा और करीब 6 महीने के अंदर दिल्ली में ऐसे ट्रीटमेंट प्लांट यमुना में उपलब्ध कराए जाएंगे जो बड़ी मात्रा में अमोनिया को ट्रीट कर सकें। दिल्ली में जिन इलाकों का जल स्तर ऊपर है, उन इलाकों को चिन्हित किया जाएगा और वहां से ग्राउंड वाटर निकाला जाएगा। इस पानी को ट्रीट कर लोगों के घरों तक सप्लाई की जाएगी।

खराब ट्यूबवेल 24 घंटे के अंदर ठीक कराए जाएंः केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि हर ट्यूबवेल पर नजर रखी जाए कि वो चल रहा है या खराब है। अगर कोई ट्यूबवेल खराब होता है, तो उसे 24 घंटे के अंदर हर हाल में ठीक किया जाए। किसी एजेंसी को ट्यूबवेल के मेंटेनेंस का काम 5 साल के लिए दिया जाए ताकि अगर ट्यूबवेल का मोटर खराब होता है, तो वो तत्काल प्रभाव से 24 घंटे के अंदर ठीक करे। सीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि एक भी ट्यूबवेल बंद नही होने चाहिए। इसके लिए इंजीनियर की जिम्मेदारी तय की जाए। अगर कोई खराब ट्यूबवेल चार दिनों तक ठीक नही होता है तो संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सभी ट्यूबवेल चालू हालत में होने चाहिए, दिया निर्देश

समीक्षा बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जमीन मिलने के छह महीने के अंदर ट्यूबवेल लगा दिए जाएं। जितने भी ट्यूबवेल लग गए हैं, वहा यूजीआर पर वाटर फ्लो मीटर लगाने का काम जल्द पूरा किया जाए ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके। फ्लो मीटर सभी टैपिंग पर लगाया जाए जिससे कि जितना पानी निकले, वो पता चल सके। साथ ही, आरओ और फ्लो मीटर लगने से कौन सा ट्यूबवेल चल रहा है और कौन सा बंद है, यह भी पता चल सकेगा। सीएम ने निर्देश दिया कि सभी ट्यूबवेल चालू हालत में होने चाहिए और उससे जितना पानी मिल रहा है, वो सारा पानी आपूर्ति की जाए।

केजरीवाल 25 मार्च को फिर करेंगे समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री ने बनाया विस्तृत प्लान, नहीं होगी गर्मियों में पानी की किल्लत

पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नए एसटीपी का काम तेजी से करें पूराः केजरीवाल

ट्यूबवेल का पानी भी सप्लाई में इस्तेमाल किया जाएः सीएम

